# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–स/पर्यावरण (36)/वो–2/2025/ दिनांक : As in E-Sign

**समस्त संयुक्त निदेशक,**
**स्कूल शिक्षा।**

**विषय :–** माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा **"हरियालो राजस्थान अभियान"** के सफल कियान्वयन के सम्बन्ध में।

**प्रसंग :–**
1. विशिष्ट शासन सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर का पत्र कमांक : पीएस/ SSF&E/2025/ दिनांक : 04 मार्च, 2025
2. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर के पत्र दिनांक : 07.03.2025, 17.03.2025 एवं 04.04.2025

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रसंगानुसार अवगत करवाया गया है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार के बजट घोषणा **"हरियालो राजस्थान अभियान"** के सम्बन्ध में अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन दिनांक : 06.03.2025 को किया गया। उक्त बैठक के अन्तर्गत शासन सचिव महोदय द्वारा राज्य के विभिन्न विभागों के सहयोग से विगत वर्षों में किये गये वृहद् वृक्षारोपण की समीक्षा के साथ–साथ वर्तमान सत्र हेतु वृक्षारोपण की नयी कार्य योजना के कियान्वयन बाबत विभिन्न दिशा–निर्देश प्रदान किये गये हैं।

उक्त कम में लेख है कि राज्य में **"हरियालो राजस्थान अभियान"** का प्रारम्भ विगत वर्ष हरियाली तीज के अवसर पर दिनांक : 07 अगस्त, 2024 पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार द्वारा एक पेड़ लगाकर किया गया। यह अभियान केन्द्र सरकार द्वारा संचालित **'एक पेड़ माँ के नाम'** अभियान से प्रेरित है।

यह अभियान राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया एक महत्वाकांक्षी वृक्षारोपण कार्यक्रम/अभियान है, जिसके उद्देश्य निम्नानुसार है :–

- **<u>राजस्थान को हरा–भरा बनाना और वन क्षेत्र का विस्तार करना :</u>** उक्त अभियान के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा अगले पांच वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिस कम में वर्ष 2024–25 में राज्य के विभिन्न विभागों के सहयोग से 07 करोड़ पेड़–पौधें लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। <u>इसी कम में अवगत करवाते हुए अत्यन्त हर्ष होता है कि उक्त अभियान के अन्तर्गत लगाये गये पेड़–पौधों की संख्या एवं इनकी जियो टेगिंग के लिए शिक्षा विभाग की टीम द्वारा किये गये अपने अभूत पूर्व प्रयासों द्वारा तीन विश्व रिकॉर्ड स्थिपित किये हैं।</u>
- **<u>पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन बनाए रखना :</u>** वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण को शुद्ध और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम किया जा सकता है। पेड़–पौधें जीव–जन्तुओं के लिए ऑक्सीजन (प्राणवायु) प्रदान करते है और जीवों द्वारा त्यागी जाने वाले कार्बन–डाई–ऑक्साईड गैस को अवशोषित करते हैं। जिन क्षेत्रों में पेड़–पौधों

(हरियाली) की कमी होती है, उन क्षेत्रों में अक्सर असामान्य प्राकृतिक घटनाएं देखने को मिलती हैं और इन अप्रिय घटनाओं से जीव–जन्तुओं का जीवन प्रभावित होता है।

- **<u>जैव विविधता का संरक्षण और वन्यजीवों के लिए बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना :</u>** विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाकर जैव विविधता को बढ़ावा और वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक आवास विकसित किये जा सकते हैं। हरे पेड़–पौधे खाद्य श्रृंखला की प्रथम कड़ी होते हैं, जो सूर्य से मिलने वाली ऊर्जा (प्रकाश) से मानव और जन्तुओं के लिए भोजन का उत्पादन/निर्माण करते हैं।
- **<u>स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित कर वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाना :</u>** "हरियालो राजस्थान अभियान" में राज्य के प्रत्येक नागरिक को जोड़ते हुए इनकी सक्रिय भागीदारी प्राप्त करने हेतु राज्य के समस्त विभागों में कार्यरत कार्मिकों के साथ–साथ आमजन/स्थानीय समुदायों को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जागरूक कर इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है।
- **<u>मरुस्थलीकरण को रोकना और मृदा संरक्षण को बढ़ावा देना :</u>** राज्य के रेगिस्तानी क्षेत्रों में वृक्षारोपण करते हुए, मिट्टी के कटाव को रोक कर मिट्टी/भूमि की उर्वरक क्षमता का विकास किया जा सकता है। पेड़–पौधों की जड़े मिट्टी के कणों का बांध कर रखती है, जिसके कारण मिट्टी का काटव नहीं होता।

अतः उक्त अभियान में विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए प्राप्त प्रासंगिक शासकीय निर्देशों–पत्रों के क्रम में वर्ष 2025 हेतु "हरियालो राजस्थान अभियान" के सफल एवं सुचारू संचालन बाबत अंग्राकितानुसार दिशा–निर्देश प्रदान किये जाते हैं :–

- राज्य स्तर पर आयोजित उक्त अभियान के सम्बन्ध में इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी आदेशों/परिपत्रों/निर्देश–पत्रों की शत–प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जावें।
- राज्य के समस्त विद्यालय (सरकारी एवं निजी) उक्त अभियान का हिस्सा होंगे।
- विद्यालयों के अतिरिक्त राज्य के समस्त विभागीय कार्यालयों में भी वृहद् वृक्षारोपण का कार्य सम्पन्न किया जावे।
- प्रतिदिन आयोजित की जाने वाली प्रार्थना सभा के अन्तर्गत स्कूली छात्र–छात्राओं और स्टाफ को वृक्षारोपण के महत्व की जानकारी प्रदान कर, उन्हें **"हरियालो राजस्थान अभियान"** में सक्रिय रूप से जुड़ने हेतु प्रेरित किया जावे।
- उक्त अभियान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक कर सक्रिय रूप से जोड़ने हेतु **"पर्यावरण एवं इसका मानव जीवन में महत्व"/"एक पेड़ अनेक लाभ"/"पर्यावरणीय समस्याओं" यथा– ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीन हाऊस इफेक्ट, एसिडिक रैन, ओजोन विद्यटन इत्यादि विषयों पर** "नो–बैग–डे" (शानिवार/बस्ता मुक्त दिवस) के अवसर पर माह में एक बार निबन्ध, स्लोगन, वाद–विवाद एवं चित्रकला इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जावे।
- विद्यार्थियों को प्रेरित किया जावे कि वह न केवल विद्यालय परिसर अथवा इसके आस–पास वृक्षारोपण करे, बल्कि अपने अभिभावकों की मदद से वे अपने निवास स्थान के आसपास भी वृक्षारोपण का कार्य करे।

- विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों एवं कार्यरत समस्त कार्मिकों (शैक्षिक और गैर शैक्षिक) द्वारा प्रतिदिन 10 पौधें लगाना और इनका संरक्षण/देखभाल सुनिश्चित की जावे।
- स्काउट गाईड/स्वयं सेवकों को विद्यालय हेतु आवंटित लक्ष्य के अतिरिक्त 50 पौधें और लगाने हैं।
- मिड–डे–मील वर्कर प्रतिवर्ष 500 पौधें लगायेंगे।
- विद्यार्थियों एवं स्टॉफ के जन्मदिवस/विवाह वर्ष गांठ इत्यादि अवसरों पर 10 पौधें लगाये जावे।
- इसी प्रकार विद्यालयों के निर्माण/विकास कार्यों से जुड़ी हुई फर्म/संस्थान/ठेकेदार एवं निविदा आपूर्तिकर्त्ताओं द्वारा भी 500 पौधें लगाये जाने है।
- पौधारोपण/वृक्षारोपण का कार्य यथा सम्भव विद्यालय परिसर अथवा इसके आसपास के क्षेत्र में किया जावे।
- विद्यालय परिसर अथवा आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त स्थान न होने की स्थिति में वृक्षारोपण का कार्य निकटतम सार्वजनिक स्थलों में किया जावे।
- इस सम्बन्ध में लगाये जाने वाले पौधों के लिए स्थान का चिह्नीकरण कर पूर्व तैयारियां सुनिश्चित की जावे।
- लगाये गये पौधों की जियो टेगिंग एवं उक्त की प्रविष्टियां निर्धारित समयावधि में उक्त अभियान से सम्बन्धित ऐप/शालादर्पण पोर्टल/पीएसपी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जावे।

उल्लिखितानुसार प्रासंगिक पत्रों की छायांप्रति संलग्न प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्षेत्राधिकार की समस्त विद्यालयों एवं कार्यालयों में उक्त अभियान के सफल एवं सुचारू संचालन बाबत वांछित दिशा–निर्देश जारी कर प्रदत्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

**संलग्न : यथोक्त।**

(सीताराम जाट)
**आई.ए.एस.**
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
2. निजी सचिव, विशिष्ट शासन सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के कम में।
3. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के कम में।

RajKaj Ref No.: 14720841

4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., जयपुर (जरिये ई–मेल)।
5. उपनिदेशक, शालादर्पण, जयपुर (जरिये ई–मेल)।
6. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करवाये जाने बाबत (जरिये ई–मेल)।
7. निजी सहायक/स्टॉफ आफिसर, निदेशक, प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर (जरिये ई–मेल)।
8. सहायक निदेशक, शालादर्पण/पीएसपी अनुभाग, कार्यालय हाजा को उक्तानुसार अनुभाग स्तर पर की जाने वाली आगामी आवश्यक कार्यवाही बाबत (जरिये ई–मेल)।
9. अनुभाग अधिकारी, सामान्य प्रशासन/भण्डार अनुभाग, कार्यालय हाजा को उक्तानुसार कार्यालय स्तर पर किये जाने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम के सम्बन्ध में आगामी व्यवस्थाओं की सुनिश्चितता बाबत (जरिये ई–मेल)।
10. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत (जरिये ई–मेल)।
11. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर/अजमेर। (जरिये ई–मेल)
12. प्रधानाचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर/सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर। (जरिये ई–मेल)
13. मेनेजर, गुरूनानक भवन संस्थान, जयपुर (जरिये ई–मेल)।
14. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
15. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
16. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

राजस्थान सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

क्रमांकः पीएस/SSF&E/2025/ जयपुर, दिनांकः 04 MAR 2025

**बैठक सूचना**

**अध्यक्षता–** अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदया
**स्थान–** समिति कक्ष–2, मुख्य भवन, शासन सचिवालय।
**दिनांक एवं समय–** 06.03.2025 को सांय 04.00 बजे

**एजेण्डा–** माननीय मुख्यमंत्री के बजट घोषणा हरियालो राजरथान अभियान के संवध में समीक्षा एवं अवलोकन हेतु प्री बैठक किए जाने के संबंध में।

1. अन्य विभाग द्वारा गत वित्तीय वर्ष में पौधे वितरण के संवध में लंबित बजट दायित्व।
2. गत वित्तीय वर्ष में पौधे रोपण के संबंध में ट्री एप में की गई इन्द्राजो की वर्तमान स्थिति एवं समीक्षा।
3. गत वित्तीय वर्ष में लगाए गये पौधो की Survival, निगरानी एवं मुल्यांकन।
4. वर्तमान वित्तीय वर्ष में पौधारोपण/वितरण लक्ष्य के संवध में चर्चा एवं समीक्षा।
5. वर्तमान वित्तीय वर्ष में पौधा रोपण स्थलों का चिन्हीकरण।
6. वर्तमान वित्तीय वर्ष में पौधा रोपण की अग्रीम कार्यवाही की समीक्षा।
7. वर्तमान वित्तीय वर्ष में वन मण्डलों में पौधारोपण/वितरण के लक्ष्यो की समीक्षा।

निर्देशानुसार निम्न अधिकारीगण कृपया पूर्ण तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित होने का श्रम करावें :–

1. प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग।
2. शासन सचिव/निदेशक, स्कूल शिक्षा विभाग।
3. शासन सचिव/निदेशक, पंचायती राज विभाग।
4. प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख (हॉफ), जयपुर।
5. अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास, जयपुर।
6. आयुक्त, महानरेगा विभाग।
7. आयुक्त, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।
8. मुख्य वन संरक्षक, विकास, जयपुर।
9. मुख्य वन संरक्षक, जयपुर।
10. निदेशक, वाटरशेड विभाग।
11. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय (DLB)।
12. उप वन संरक्षक, ई–गवर्नेंस, जयपुर।

Note-उक्त बैठक में संयुक्त शासन सचिव या इनसे उच्च स्तर के अधिकारीगण भाग लेना सुनिश्चित करें।

(बीजो जॉय)
विशिष्ट शासन सचिव

राजस्थान–सरकार
शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग

क्रमांकः–प.24(10)शिक्षा–6 / 2022 (Rajkaj-00427) दिनांक : यथाहस्ताक्षर

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्,जयपुर।

विषयः– माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा "हरियालो राजस्थान अभियान" के अन्तर्गत की जाने वाली तैयारियो के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा "हरियालो राजस्थान अभियान" के संबंध में दिनांक 06.03.2025 को अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदया, वन विभाग की अध्यक्षता में हुई बैठक के संबंध में शासन सचिव महोदय द्वारा निम्न सुझाव दिये गये है:–

1. वर्ष 2025–26 में वृक्षारोपण के लक्ष्य बढ़ाये जा सकते है।
2. प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एक विद्यार्थी एक पौधा प्रति सप्ताह के संबंध में नीति बनाई जा सकती है।
3. विद्यालय में अध्ययनरत माध्यमिक विद्यार्थियों (कक्षा 9–12) द्वारा दिनांक 15.07.2025 से 15.08.2025 तक 15 पौधे प्रति सप्ताह लगाये जा सकते है।
4. विभाग द्वारा आवश्यक पौधों की पहचान करना।

शासन सचिव महोदय द्वारा दिये गये सुझावों के अनुसार विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर इस विभाग को अविलम्ब भिजवाने का श्रम करावें। विशिष्ट शासन सचिव महोदय द्वारा इस संबंध में समीक्षा की जावेंगी।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

**भवदीय,**

**(राजेश दत्त माथुर)**
**शासन उप सचिव**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है:–**

1. निजी सचिव, शासन सचिव महोदय, स्कूल शिक्षा विभाग।
2. निजी सचिव, विशिष्ट शासन सचिव महोदय, स्कूल शिक्षा विभाग।

शासन उप स...

Signature valid
Digitally signed by Rajesh Dutt Mathur
Designation : Deputy Secretary
Date: 2025.03.07 18:32:14 IST
Reason: Approved

Deputy Secretary. Gr 5-Sec Edu
05 Mar 2025 14:28:50

Para 103

Vishwa Mohan Sharma
Special Secretary To Government, Sc. Edu
05 Mar 2025 17:28:47

Para 104

Krishna Kunal
Secretary To Government, Sc. Edu
05 Mar 2025 17:28:47

Attended.

→ SS to oversee preparations.
→ We can extend targets this year
→ We can give one plant 1 Child target in Primary School

Also, 15 trees per week can be planted by every secondary child on a weekly day specified between 15/7 to 15/8.

→ Also, Identify plants required by Deptt BSER ~~SMSA~~, Directorate
→ Almost 90,000 Rs payment of is pending to ~~DoE~~ Forest Deptt. May Oversee

SS

20250318-HM-0019

R.D.-18.03.25 4:00PM

17.3.25

**राजस्थान–सरकार**
**शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग**

क्रमांकः--प.24(10)शिक्षा–6/2022 (Rajkaj-00427) दिनांक : यथाहस्ताक्षर

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।

विषयः– हरित राजस्थान को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण करने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गतर्याल माननीय मंत्री महोदय, काय मंत्री, शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) विभाग, एवं पंचायती राज विभाग से प्राप्त पत्र जो हरित राजस्थान को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण करने के संबंध में है।

अतः प्राप्त पत्र की प्रति संलग्न कर लेख है कि प्रकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर, की गई कार्यवाही से इस विभाग को अवगत कराने का श्रम करावें।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

**भवदीय,**

**(राजेश दत्त माथुर)**
**शासन उप सचिव**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित हैः–**

1. निजी सचिव, शासन सचिव महोदय, स्कूल शिक्षा विभाग।
2. निजी सचिव, विशिष्ट शासन सचिव महोदय, स्कूल शिक्षा विभाग।

**शासन उप सचिव**

Signature Not Verified

Digitally signed by Rajesh Dutt Mathur
Designation : Deputy Secretary
Date: 2025.03.17 10:27:49 IST
Reason: Approved

टिप्पणी (क्रमिक)

पत्रावली संख्या | रा.सं. 2

# राजस्थान सरकार
## कार्यालय मंत्री, शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) विभाग एवं पंचायती राज विभाग

विषयः- हरित राजस्थान को बढ़ावा देने के लिये वृक्षारोपण करने के संबंध में।

हरित राजस्थान को बढ़ावा देने के लिये वृक्षारोपण करने के लिये निम्नानुसार कार्यवाही करवाने का श्रम करावें:-

1. विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी एवं कार्यरत समस्त कार्मिक (शैक्षिक और गैर शैक्षिक) के द्वारा प्रतिदिन 10 पौधे का वृक्षारोपण/परवरिश
2. स्काउट गाईड/स्वयं सेवकों द्वारा विद्यालय के द्वारा आवंटित लक्ष्य के अतिरिक्त 50 पौधे का वृक्षारोपण
3. मिड डे मील वर्कर द्वारा प्रतिवर्ष 500 पौधे का वृक्षारोपण
4. विद्यार्थियों एवं स्टॉफ के जन्मदिन/विवाह वर्ष गांठ पर 10 पौधे का वृक्षारोपण
5. विद्यालयों के निर्माण/विकास कार्यों से जुडी हुई संस्थान/फर्म/ठेकेदार एवं निविदा आपूर्तिकर्त्ताओं द्वारा 500 पौधे का वृक्षारोपण

पौधारोपणं का कार्य यथासंभव विद्यालय परिसर/खेल मैदान/राजकीय परिसर में किया जावें स्थान के अभाव में ही अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया जावें।

Amit
11/3

**(मदन दिलावर)**
**मंत्री**

**शासन सचिव,**
**विद्यालयी शिक्षा विभाग,**
शासन सचिवालय, जयपुर।

अशा.टीप क्रमांकः मंत्री/शिक्षा/पंरा/2024/13186
जयपुर, दिनांकः 06/03/2025

V-028

SO. DS-5

1D

प्र/माध्य/1170/25
7/4/25

गुणवत्ता
07.4.25

**राजस्थान–सरकार**
**शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग**

**स्मरण पत्र–1**

क्रमांकः–प.24(10)शिक्षा–6/2022 (Rajkaj-00427) दिनांक : यथाहस्ताक्षर

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्,जयपुर।

विषयः– माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा ''हरियालो राजस्थान अभियान'' के अन्तर्गत की जाने वाली तैयारियो के संबंध में।

प्रसंगः– इस विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 07.03.2025 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा ''हरियालो राजस्थान अभियान'' के संबंध में दिनांक 06.03.2025 को अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदया, वन विभाग की अध्यक्षता में हुई बैठक के संबंध में शासन सचिव महोदय द्वारा सुझाव दिये गये थे जिसके अनुसार विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर इस विभाग भिजवाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था, जो आदिनांक तक अप्राप्त है।

अतः शासन सचिव महोदय द्वारा दिये गये सुझावों के अनुसार विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर इस विभाग को अविलम्ब भिजवाने का श्रम करावें। विशिष्ट शासन सचिव महोदय द्वारा इस संबंध में समीक्षा की जावेंगी।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

**भवदीय,**

**(राजेश दत्त माथुर)**
**शासन उप सचिव**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित हैः–**

1. निजी सचिव, शासन सचिव महोदय, स्कूल शिक्षा विभाग।
2. निजी सचिव, विशिष्ट शासन सचिव महोदय, स्कूल शिक्षा विभाग।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajesh Dutt Mathur
Designation : Deputy Secretary
Date: 2025.04.04 18:28:02 IST
Reason: Approved

**शासन उप सचिव**